दिनांक : 13.11.2025 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा निर्यातकों के लिए ऋण गारंटी योजना की मंजूरी भारत को एक आत्मनिर्भर राष्ट्र बनने में मदद करेगी। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में केबिनेट के फैसलों की सराहना करते हुए ये बात कही। उन्होंने कहा कि इससे निर्यात संवर्धन मिशन–ईपीएम, निर्यात प्रतिस्पर्धा में सुधार करेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि महत्वपूर्ण खनिजों के लिए रॉयल्टी दरों को युक्तिसंगत बनाने का केंद्रीय मंत्रिमंडल का निर्णय आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करेगा और रोजगार के नए अवसर पैदा करेगा।

0000

सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब और हरियाणा सरकारों को पराली जलाने पर रोक लगाने के लिए एक स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है जो राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु प्रदूषण के संकट में योगदान देता है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने राज्यों को रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश देते हुए कहा कि अगले सप्ताह राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु प्रदूषण के मुद्दे पर सुनवाई की जाएगी।

0000

प्रदेश में सुरक्षित और अनुशासित यातायात व्यवस्था के लिए सड़क सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 18 नवम्बर तक चलेगा। इस अभियान के दौरान प्रदेश में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से वाहन चालकों को सुरक्षित ड्राइविंग के लिए जागरूक किया जा रहा है। साथ ही लोगों को भी समझाया जा रहा है।

इसके अलावा यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर राज्य में लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। अभियान के तहत 11 नवम्बर तक परिवहन विभाग ने 14 हजार से अधिक वाहनों के चालान जब्त किये है। साथ ही यात्री वाहनों पर भी चालान किया गया है। विभाग ने 350 व्यक्तियों के ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त किये है। इसके अलावा 79 वाहनों के रजिस्ट्रेशन रद्द किए गए हैं। चिकित्सा तथा स्वास्थ्य विभाग की ओर से भी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है।

0000

सवाईमाधोपुर स्थित रणथम्भौर टाइगर रिजर्व के राष्ट्रीय चम्बल अभयारण्य रेंज में आज घड़ियाल के बच्चों को प्राकृतिक आवास में छोडा गया। वन मंत्री संजय शर्मा ने घड़ियाल संरक्षण के क्षेत्र में इस

महत्वपूर्ण पहल की शुरूआत की। उन्होंने पांच माह के 10 घड़ियाल हैचलिंग्स को चम्बल नदी के पाली घाट में छोडने के बाद कहा कि इससे चम्बल नदी क्षेत्र में घड़ियालों को अधिक सुरक्षा मिलेगी और उनकी संख्या में भी बढोतरी होगी। साथ ही पर्यटन और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

......................

0000

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षा शुल्क में बढोतरी की गई है। शुल्क ढाई सौ रूपये तक बढाया गया है जो अगले सत्र से लागू होगा। बोर्ड की बैठक में ये फैसला लिया गया। इसके साथ ही अगले सत्र से बोर्ड परीक्षाओं में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधानों को शामिल किया जायेगा। साथ ही सीबीएसई प्रश्नपत्र पैटर्न के आधार पर प्रश्न पत्र बनाये जायेगे। लेकिन सभी विषयों में संत्राक योजना यथावत रहेगी।

0000

किसानों को प्रोत्साहन देने और पारदर्शी व्यापार को बढावा देने के लिये चलाई जा रही 'कृषक उपहार योजना–2025' के तहत जयपुर खण्ड में ई–कूपनों की लॉटरी आज निकाली जाएगी। ये लॉटरी कृषि विपणन विभाग द्वारा डिजिटल माध्यम से आयोजित की जाएगी। जयपुर कृषि उपज मण्डी समिति के सचिव अमरचंद सैनी ने बताया कि इसमें जयपुर, दौसा तथा कोटपूतली–बहरोड़ जिलों की कृषि उपज मण्डी समितियों में ई–नाम पोर्टल के माध्यम से कृषि उपज बेचने वाले किसानों को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि पहला पुरस्कार पाने वाले किसान को 50 हजार रूपये की राशि दी जायेगी। लॉटरी प्रक्रिया पूरी तरह से डिजिटल और पारदर्शी होगी।

0000

प्रदेश में न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार अधिकांश स्थानों पर रात का पारा 7 से 15 डिग्री सैल्सिस के बीच रहा, जो कि सामान्य से लगभग 1 से 2 डिग्री सैल्सियस कम है। सबसे कम 7 डिग्री सैल्सियस न्यूनतम तापमान सीकर के फतेहपुर में दर्ज किया गया। तापमान में गिरावट से सर्दी का असर बढ गया है।

0000